संचालनालय उद्यानिकी एवं प्रक्षेत्र वानिकी
छठवीं मंजिल,विन्ध्याचल भवन,म.प्र. भोपाल
फोन:- 0755-2578491,फेक्स - 0755-2570122
ईमेल: foodprohorti@mp.gov.in

क्रमांक/उद्यान/एस.एम.एफ.पी./2020-21/ 983 भोपाल दिनांक 31-5-2021

प्रति,

कुलपति,
राजमाते विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय, ग्वालियर

विषय :- प्रधान मंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजना (पी.एम.एफ.एम.ई.) के अंतर्गत जिला रिसोर्स पर्सन के रूप में कार्य करने हेतु युवा शिक्षित को संभावनाएं।

---ooo---

आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत प्रधान मंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजना (पी.एम.एफ.एम.ई.) का प्रदेश में संचालन किया जा रहा है जिसके तहत खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय, नई दिल्ली द्वारा जारी ऑफिस मेमोरेंडम दिनांक 24.12.2020 की प्रति आपको प्रेषित करते हुए अवगत करना चाहता हूँ कि आपके संस्थान से फ़ूड टेक्नोलॉजी में डिप्लोमा/डिग्री धारी, कृषि में डिग्री धारी तथा फ़ूड टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में अनुभव रखने वाले युवाओं को खाद्य प्रसंस्करण के क्षेत्र में चुनौतीपूर्ण कार्य को प्रारंभ किये जाने हेतु तथा आमदनी का अवसर प्राप्त हुआ है, जिसमें उद्योग स्थापना से लेकर शासकीय सुविधाओं, बाज़ार आदि का अनुभव भी फेसिलिटेटर को प्राप्त होगा जो उनके भविष्य में लाभकारी होगा।

अतः आपसे अनुरोध है कि आपके संस्थान से पास-आउट विद्यार्थियों को अवगत कराएँ कि प्रदेश के विभिन्न जिलों में जिला कलेक्टर्स/ उप संचालक उद्यान से संपर्क कर स्वयं को जिला रिसोर्स पर्सन के रूप में कार्य करने हेतु आवेदन प्रदान करें ।

जिला रिसोर्स पर्सन को मानदेय आदि के सम्बन्ध में खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय नई दिल्ली द्वारा जारी विस्तृत दिशा निर्देश के बिंदु क्रमांक 9.3.8.4 में स्पष्ट उल्लेख है जो www.mofpi.gov.in पर उपलब्ध है।

Dmo/VC/21-22/198
01/06/2021

urgent
DFA/DRS/DES/DT
1/6/21

(मनोज कुमार अग्रवाल)
आयुक्त
नोडल अधिकारी, पी.एम.एफ.एम.ई.

निदेशालय अनुसंधान सेवाएँ
राजमाता विजयाराजे सिंधिया, कृषि विश्वविद्यालय, ग्वालियर (म.प्र.)

पृष्ठ क्रं./नि.अ.से./2021/ 180 दिनांक : 03-06-2021

प्रतिलिपि : सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु –

1. अधिष्ठाता, कृषि महाविद्यालय, ग्वालियर कृपया समस्त विद्यार्थियों को सूचित करने का कष्ट करें
2. निज सचिव, माननीय कुलपति, रा.वि.सिं. कृषि विश्वविद्यालय, ग्वालियर

निदेशक अनुसंधान सेवाएँ